तापमान
अधिकतम 30.8 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026

15 दुर्ग में आकार ले रहा शहर का पहला मल्टीलेवल...

16 भिलाई निगम में डेढ़ वर्ष में 2582 परिवारों को मिला...










## निगम संपत्तिकर के लिए कर रहा मापजोख, नियमितीकरण व पैनाल्टी वसूलेगा बीएसपी

# बीएसपी में अवैध तरीके से चल रहीं दो मंजिला दुकानें, नए तरीके से टैक्स वसूली की तैयारी

### बीएसपी व नगर निगम ने शुरू की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी टाउनशिप के विभिन्न मार्केटों में नियमों को ताक में रखकर कई दुकाने संचालित की जा रही हैं। इसमें अब तक बीएसपी की दोहरी नीति दिख रही थी। कहीं पर तो बीएसपी कार्रवाई कर शिकंजा कसा जाता था, तो कहीं कार्रवाई का डर दिखाकर नियम से चलने की सलाह दी जाती है। अब बीएसपी ऐसे व्यापारियों पर दोतरफा शिकंजा करने जा रही है। बीएसपी और नगर निगम मिलकर अवैध निर्माण करने वालों से आज के हिसाब से संपत्तिकर व पैनल्टी और नियमितीकरण वसूलने की तैयारी कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में अलग अलग सेक्टर में दर्जनभर बाजारों में करीब साढ़े तीन हजार दुकानें हैं। इनमें अनेक शाप्स मालिकों द्वारा अपना व्यवसाय बढ़ाने और ग्राहकों की सुविधा को आधार बताते हुए ऊपरी फ्लोर व परिसर में अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया है। संबंधितों से संपत्तिकर व पैनाल्टी को लेकर अब नगर निगम और बीएसपी दोनों ही सक्रिय हो गए हैं। नगर निगम भिलाई ने सेक्टर 6 व सिविकसेंटर की दुकानों व जमीन की मापजोख शुरू कर दी है। वहीं बीएसपी भी जल्द ही दोबारा नोटिस जारी करने की कवायद कर रहा है। टाउनशिप के सबसे बड़े मार्केट सिविकसेंटर और विभिन्न सेक्टरों में सिर्फ दुकानों और दोमंजिला शाप्स कम रेसिडेंशियल दोनों श्रेणी के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए एरिया (वर्गफीट) निर्धारित है। लेकिन कई शाप्स आंनरों द्वारा सिंगल स्टोरी दुकान और आवास कम दुकान में नियमों की अनदेखी कर अतिरिक्त निर्माण कर धड़ल्ले से व्यवसाय किया जा रहा है। इसे लेकर पिछले लंबे समय से बीएसपी का नगर सेवाएं विभाग राजस्व व पैनाल्टी को लेकर नोटिस जारी करता रहा है। इसके बाद भी न तो सभी से पैनाल्टी व राजस्व वसूल हो पाया और न ही अतिरिक्त निर्माण करने वालों पर कार्रवाई ही हुई। प्रवर्तन व शाप्स तथा राजस्व विभाग द्वारा इस दौरान कुछ दुकानों की बिजली काटने की कार्रवाई हुई लेकिन बड़े होटलों रेस्टारेंट व शोरूम आदि बड़े प्रतिष्ठानों पर मात्र नोटिस देने की खानपूर्ति ही की गई।





### बढ़ेंगी मुश्किलें

अब अतिरिक्त निर्माण करने और बकाया टैक्स नहीं पटाने वालों को दोतरफा दबाव बढ़ेगा। सूत्रों के मुताबिक बीएसपी छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित दर पर टाउनशिप की दुकानों से राजस्व वसूली करता है। पैनाल्टी अलग ली जाती है। अब मापजोख के बाद निगम जहां संपत्ति कर वसूली व नियमितीकरण राशि वसूलेगा वहीं बीएसपी लीज डीड रेवेन्यू व पैनाल्टी की बकाया राशि को लेकर दबाव बनाएगा। व्यापारियों द्वारा लीज डीड नवीनीकरण के विवाद को लेकर पिछले कई साल से जन प्रतिनिधियों व प्रबंधन से सुधार की मांग की जा रही है। व्यापारियों की इस पुरजोर मांग पर पखवाड़ेभर पूर्व सांसद विजय बघेल व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय द्वारा सेल व इस्पात मंत्रालय से चर्चा कर लीज नवीनीकरण राशि दर कम कराने का दावा किया गया है, लेकिन कई बकायादारों पर लाखों का बकाया निकलने से व्यवसायियों की परेशानी बढ़ेगी।

### सिविक सेंटर व सेक्टर 10 में सबसे अधिक दुकानें

टाउनशिप में सेक्टर 1 से लेकर सेक्टर 10 और रिसाली, रुआबांधा, मरोदा व खुर्सीपार सहित सिविकसेंटर मिलाकर करीब 3,500 दुकानें हैं। इनमें बीएसपी द्वारा सिविकसेंटर व सेक्टर 10 में दोमंजिला दुकानें अलाट की गई हैं। निचले तल में दुकान और ऊपरी फ्लोर में आवास है। जबकि अन्य सेक्टरों के मार्केटों में अधिकतर सिंगल स्टोरी दुकानों के अलावा साप्स कम रेसिंडेशनिल प्रतिष्ठान भी हैं। सूत्र बताते हैं कि सभी मार्केटों में अधिकतर दुकानदारों द्वारा पिछले कई साल से अतिरिक्त निर्माण कर व्यवसाय किया जा रहा है। जबकि लीज दुकानों का एरिया 400 वर्गफीट से 12 सौ स्कवेयर फीट निर्धारित है। लायसेंसी दुकानों का क्षेत्रफल 120 वर्गफीट निर्धारित है, लेकिन कई व्यवसायियों ने कुछ फीट ऊपर नीचे व आगे पीछे अतिरिक्त निर्माण कर रखा है।





## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम धनोट स्थित चंदखुरी शीतला तालाब के पास से घेराबंदी कर जनक लाल बांधे को पकड़ा गया। उसके पास से एक प्लास्टिक की बोरी मे 30 नग शोले शराब मसाला पौवा जब्त किया। प्रत्येक पौव्वा में 180 एमएल शराब भरी हुई प्लास्टिक सीसी में बल्क लीटर 5.400 बरामद किया। उक्त सामानों की कीमत 3200 रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस लगातार अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। लोगों से अपील की गई है कि आसपास कहीं भी अवैध शराब की बिक्री हो रही है तो शिकायत करें।






# हरियाली ही सुरक्षित भविष्य की पहचान



## पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं

वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण से ही आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण...

बढ़ता प्रदूषण, घटते वन, जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ता तापमान आज पूरी दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं। ऐसे समय में केवल पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि उनका संरक्षण करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध पानी और स्वस्थ जीवन मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए "पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं" केवल एक नारा नहीं, बल्कि समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।









प्रकृति मानव जीवन का आधार है। शुद्ध हवा, स्वच्छ जल, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु हमें प्रकृति से ही प्राप्त होती है। लेकिन तेजी से बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिकीकरण और अंधाधुंध पेड़ों की कटाई ने पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ दिया है। इसका परिणाम बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, जल संकट, वायु प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने आ रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पर्यावरण संरक्षण के लिए अभी से गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में स्थिति और अधिक चिंताजनक हो सकती है। इसलिए हर व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।



## पेड़ों का महत्व

पेड़ पृथ्वी के प्राकृतिक फेफड़े हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे जीवन संभव होता है। वृक्ष वातावरण का तापमान नियंत्रित करते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं तथा पक्षियों और वन्यजीवों को आश्रय प्रदान करते हैं। एक परिपक्व पेड़ अपने जीवनकाल में हजारों लोगों को स्वच्छ हवा देने में योगदान देता है।

## सिर्फ पौधे लगाना नहीं, उनका संरक्षण भी जरूरी

अक्सर वृक्षारोपण अभियान के दौरान हजारों पौधे लगाए जाते हैं, लेकिन उनकी देखभाल नहीं होने के कारण अधिकांश पौधे कुछ ही महीनों में सूख जाते हैं। इसलिए पौधे लगाने के साथ-साथ नियमित सिंचाई, सुरक्षा और देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। एक पौधे को पेड़ बनने तक संरक्षण देना ही सच्चा पर्यावरण संरक्षण है।



## पर्यावरण बचाने के लिए किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए

**अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें**

हर व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प ले।

**जल संरक्षण को प्राथमिकता दें**

वर्षा जल संचयन अपनाएं, पानी का अनावश्यक उपयोग रोकें तथा जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाएं।

**प्लास्टिक का उपयोग कम करें**

सिंगल-यूज प्लास्टिक से बचें तथा कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करें।

**कचरे का उचित प्रबंधन करें**

गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें तथा जैविक कचरे से खाद तैयार करें।

**वायु प्रदूषण कम करें**

निजी वाहनों के स्थान पर सार्वजनिक परिवहन, साइकिल या पैदल चलने को बढ़ावा दें। वाहनों की नियमित सर्विसिंग कराएं।

**ऊर्जा की बचत करें**

अनावश्यक बिजली की खपत रोकें, एलईडी बल्ब और ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग करें तथा सौर ऊर्जा को अपनाएं।

**जल स्रोतों और नदियों की स्वच्छता बनाए रखें**

नदियों, तालाबों और कुओं में कचरा या रासायनिक पदार्थ न डालें।

**जैव विविधता का संरक्षण करें**

वन्यजीवों और प्राकृतिक आवासों की रक्षा करें तथा अवैध शिकार और वनों की कटाई का विरोध करें।

**पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा दें**

बच्चों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराएं तथा विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।

**सामुदायिक भागीदारी बढ़ाएं**

पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। समाज, स्वयंसेवी संस्थाएं, स्कूल, कॉलेज, उद्योग और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में प्रभावी योगदान दे सकते हैं।

**जलवायु परिवर्तन की चुनौती**

आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव झेल रही है। बढ़ती गर्मी, असमय वर्षा, सूखा, बाढ़ और जंगलों में आग जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण, कार्बन उत्सर्जन में कमी और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग बेहद आवश्यक है।

**जनभागीदारी से बनेगा हरित भारत**

सरकार समय-समय पर वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चलाती है, लेकिन इन अभियानों की सफलता तभी संभव है जब आम नागरिक भी सक्रिय भागीदारी निभाएं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो देश में हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण संतुलित रहेगा।

























## नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन समारोह

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 में कक्षा 9 एवं 11 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, शैक्षणिक वातावरण, उपलब्धियों तथा अनुशासन संबंधी व्यवस्थाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाप्रबंधक शिक्षा शिखा दुबे थीं। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि शिखा दुबे ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में असीम संभावनाएँ होती हैं और उन्हें स्वयं को कभी भी किसी से कम नहीं समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं का निरंतर विकास करने, लक्ष्य का समय रहते निर्धारण करने तथा शिक्षकों से अधिकाधिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों का भिलाई विद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### रायपुर से हथियार लेकर पहुंचा था भिलाई, साक्ष्य नष्ट करने का भी किया प्रयास

# नर्सिंग छात्रा की हत्या करने वाला गिरफ्तार

# पहले दबाया गला, फिर चाकू से गोदा

**आरोपी अलग-अलग नंबरों से करता था फोन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

एक तरफा प्रेम प्रसंग के चलते नर्सिंग छात्रा की हत्या मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि राम नगर सुपेला पीजी निवासी खुशी साहू मूलतः बेमेतरा की रहने वाली है। सकरी वार्ड 12 बजरंग चौक बलौदा बाजार निवासी लोकेश्वर साहू उर्फ पिंटू नर्सिंग छात्रा से एक तरफा प्रेम करता था। माह भर से अलग-अलग नंबरों से खुशी को कॉल कर पिंटू को परेशान कर रहा था। इस कारण मृतका खुशी उसके नंबर को ब्लॉक कर दिया। इससे आक्रोशित होकर पिंटू ने पूर्व नियोजित योजना बनाकर रायपुर से भिलाई पहुंचा।

अपने साथ धारदार हथियार लेकर खुशी के पीजी कमरे में प्रवेश किया और मौका पाते ही छात्रा पर दर्जनों बार चाकू से गोद कर मौत के घाट उतार दिया। पिंटू अपनी पहचान एवं साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से उसने दो शर्ट, पैंट के भीतर बरमूडा पहन रखा था। कमरे में विवाद होने पर आरोपी ने खुशी का पहले गला दबाया। उसके बाद धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया। घटना के बाद आरोपी ने पहने हुए कपड़े एवं जूते नदी में फेंककर साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास किया। शुक्रवार को पिंटू ने पहले खुशी गला दबाया, फिर चाकू से पीठ, हाथ और पेट पर 12 वार किया। जिससे युवती की जान चली गई। पुलिस ने आरोपी पिंटू साहू को बलौदाबाजार से गिरफ्तार कर भिलाई लेकर आई। पुलिस ने रामनगर स्थित घटनास्थल पर सीन रिक्रिएट भी कराया गया। आरोपी पिंटू ने वारदात को अंजाम देने के लिए चाकू ऑनलाइन मंगवाया था। इस दौरान दुर्ग सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, निरीक्षक राज कुमार लहरे समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।



### मृतका के भाई को भी दी थी धमकी

आरोपी पिंटू ने 2 दिन पहले खुशी के भाई को भी धमकी दी थी। उस कैफे संचालक को भी धमकाया था, जहां खुशी पार्ट टाइम नौकरी करती थी। पिंटू चाहता था कि खुशी नौकरी छोड़ दे और उससे शादी करे। गंभीर चोट और ज्यादा खून बहने से खुशी की मौत हो गई। आरोपी पिंटू के हाथ में भी वार से गंभीर चोट आई। हत्या के बाद वह कमरे से निकलकर फरार हो गया। पुलिस जांच में पता चला है कि खुशी ने करीब एक हफ्ते पहले अपने भाई को पिंटू के हरकत के बारे में बताया था कि एक युवक लगातार अलग-अलग नंबरों से फोन कर उसे परेशान कर रहा है।

### पहले गला दबाया उसके बाद किया युवती पर वार

वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि लोकेश्वर साहू उर्फ पिंटू बेरोजगार है। 10 जुलाई की सुबह खुशी साहू को दो बार लगातार कॉल किया था। खुशी ने उसका नंबर पहले से ही ब्लॉक कर रखा था। इसलिए बात नहीं हो पाई, आरोपी ने खुशी की सहेली को फोन किया। सहेली ने पिंटू को बताया कि खुशी के पास मोबाइल नहीं है। इसके बाद आरोपी बाइक से सीधे खुशी के मिलने रामनगर स्थित किराए के कमरे में पहुंच गया। उस समय खुशी की सहेली बाथरूम में नहाने गई थी। कमरे में खुशी अकेली थी। जांच में यह बात सामने आया है कि, कमरे में पहुंचने के बाद आरोपी ने खुशी से विवाद किया। उसने खुशी का गला दबा दिया। गला दबाने से खुशी बेसुध हो गई। इसके बाद आरोपी ने चाकू से वार कर दिया। उसे अधमरा छोड़ फरार हो गया। अस्पताल लेकर जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्विनसिटी सबसे गर्म बारिश के आसार नहीं

**पिछले पांच दिनों से बारिश का है लोगों को इंतजार**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले पांच दिनों से लोगों को बारिश का इंतजार है। धूप-छांव का पूरे दिन खेल चल रहा है लेकिन बारिश का अता-पता नहीं है। शनिवार को प्रदेशभर में सबसे अधिक तापमान ट्विनसिटी का रहा है। पारा 33.6 डिग्री सेल्सियस चला गया है। जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

इसी तरह न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के हिसाब से रविवार 12 जुलाई को भी बारिश का सिस्टम ट्विनसिटी के लिए नहीं बना है। आसमान पर काले बादल छाए रह सकते हैं।

### मौसम का है यह सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, रोहतक, शाहजहांपुर, बस्ती, मुजफ्फरपुर और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर मणिपुर तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। पश्चिमी विक्षोभ पंजाब और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम बिहार से मणिपुर तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई पर विस्तारित है।

### तापमान बढ़ने से फिर कूलर- पंखे हुए शुरू

बारिश नहीं होने की वजह से फिर से गर्मी लगने लगी है। उमसभरी गर्मी की वजह से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। हाल यह है कि कूलर-पंखे फिर से शुरू हो गए हैं। लोगों ने लगातार बारिश होने के बाद कूलरों से पानी निकाल दिया था। अब वे फिर से भरकर कूलर चलाने लगे हैं। एसी का भी सहारा गर्मी से निजात पाने के लिए लिया जाने लगा है। बिना पंखे के न दिन में और न ही रात में एक मिनट रहा जा सकता है। ऐसी गर्मी झेलनी पड़ रही है।

# आठ चोरियां करने के दो आरोपी गिरफ्तार, 32 लाख का माल जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर में हुए आठ चोरी के वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मोहन नगर, पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में हुए चोरी के वारदात को अंजाम देने वाले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल निवासी अनुराग मिश्रा , कैलाश नगर तुषार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस रात के पेट्रोलिंग, संवेदनशील क्षेत्रों में सघन नाकेबंदी, सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का गहन जांच कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के बाद दोनों आरोपी को पकड़ा गया। पेट्रोलिंग एवं नाकेबंदी कर एक सफेद रंग की इंडिगो कार संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी। पुलिस वाहन को रोकने का संकेत देने पर चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। उसमें सवार युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। वाहन की तलाशी लेने पर 2 एलईडी टीवी, 1 डीवीआर, सब्बल, पेचकस, स्क्रूड्राइवर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करते रहे थे लेकिन तकनीकी साक्ष्यों, लगातार पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि मोहन नगर, पद्मनाभपुर क्षेत्र में हुई चोरी को अंजाम दिया। मुख्य आरोपी अनुराग मिश्रा पूर्व में मेडिकल एमआर के रूप में कार्य करता था। विभिन्न कॉलोनियों, आवासीय क्षेत्रों में नियमित आवागमन,तकनीकी कार्यों की जानकारी होने के कारण उसे मकानों की सुरक्षा व्यवस्था की खासी थी। आरोपी पहले सूने मकानों की रेकी करता उसके बाद मकान में कोई मौजूद नहीं है। तब मकान में सब्बल, पेचकस, अन्य उपकरणों की सहायता से चोरी करने पहुंचते थे। विवेचना में पता चला कि मुथूट फाइनेंस (पावर हाउस), आईआईएफएल फाइनेंस (पावर हाउस), बजाज गोल्ड फाइनेंस (पावर हाउस),मुथूट फाइनेंस (कुम्हारी) में गिरवी रखे गए आभूषण पुलिस ने जब्त किया है। इस दौरान सीएसपी दुर्ग हर्षित मेहर, सत्य प्रकाश तिवारी समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### ब्याज से परेशान होकर चोरी करना सीखा

अनुराग मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2011 से एम.आर. के रूप में कार्य करता था। उसे प्रतिमाह 60, से 70 हजार आय था। आरोपी के बयान के बाद में ऑनलाइन लोन एप्लीकेशनों से ऋण लिया। बढ़ते ब्याज, वित्तीय दायित्वों के कारण वह आर्थिक संकट में आ गया। जिसके बाद उसने चोरी की घटनाओं को अंजाम देना शुरु किया। ज्ञात हुआ कि चोरी के अधिकांश सोने के आभूषणों को आरोपियों द्वारा विभिन्न फाइनेंस कंपनियों में गिरवी रखना स्वीकार किया। इसके एवज में राशि ली गई। आरोपियों ने साकेत कॉलोनी, मधुबन नगर, बोरसी, विराट नगर, बोरसी, मधुबन नगर, बोरसी, सुंदर नगर, बोरसी, मधुबन नगर, बोरसी, मधुबन नगर, बोरसी (चोरी का प्रयास, जगदीश विहार, धनोरा में घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपियों से विभिन्न सोना चांदी के जेवरात लगभग 168 ग्राम 25 लाख रुपए का, चांदी का जेवरात 150 ग्राम 25 हजार, 2 एलईडी टीवी, 1 डीवीआर, सब्बल, पेचकस, स्क्रूड्राइवर, कार 2 लाख, फोर्ड वाहन 5 लाख, स्कूटी 50 हजार रुपए का बरामद किया गया।

# आफिस में घुसकर मारपीट पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जबरन आफिस में घुसकर तोड़फोड़ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि इंटरनेशनल इंस्ट्यूट एजुकेशन ऑफिस सूर्या मॉल द्वितीय तल जुनवानी में स्थित है। जिसका रिजनल डायरेक्टर सुमी सुजीत है। ऑफिस में तविशा बनर्जी काउंसलर के पद पर आफिस में काम करती थी। तविशा बनर्जी को काम में रूचि नही दिखाती थी। ऑफिस में आने जाने वाले लोगो से ठीक से बातचीत नही करती थी। तविशा बनर्जी को माह मार्च 2026 में ऑफिस से निकाल दिया गया था। उसका सभी वेतन दिया जा चुका है। 10 जुलाई की दोपहर अपने पति डायरेक्टर सुजीत सुशीलन, एडमिशन मैनेजर रितु मुखर्जी तीनो ऑफिस रूम में बैठक ले रहे थे। तभी तविशा बनर्जी अपने अन्य दोस्त ने मिलकर जबरदस्ती ऑफिस में घुसकर गाली गलौज करने लगे। ऑफिस में रखे सामान को भी तोड़फोड़ किया। तविशा बजर्नी को सभी ने बैठक के बाद बात करने को कहा गया था। लेकिन तविशा ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगी। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।






लाइव इवेंट

## रक्तदान शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में शनिवार को आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में सिविल सर्जन डॉ. आशीषन कुमार मिंज ने लगातार सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए 9वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। उनके इस प्रेरणादायी कदम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। शनिवार को आयोजित शिविर में करीब 51 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से शनिवार को आयोजित इस शिविर में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, शहरी स्वास्थ्य केंद्र, आयुष अस्पताल और पशु चिकित्सालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील की गई थी। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ शिविर जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। रक्तदान के बाद डॉ. मिंज ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त तीन लोगों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने शिविर में रक्तदाताओं को जिला चिकित्सालय की ओर से रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान किया। रक्तदान शिविर में दुर्ग जिला आयुष सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद्रवंशी, डॉ विनिता धुर्वे के द्वारा 7 लोगों का रक्तदान कराया गया। डॉ. समकीत, डॉ. प्रणाली वाघमार, रेडक्रास सोसायटी के सदस्य ऋषि यादव, लैब टेक्नीशियन खिलावन चंद्राकर, एनसीडी से धनंजय दास, निषांत यादव और स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ ने रक्तदान किया।

लाइव इवेंट

## पंडवानी की अमर स्वर-साधिका डॉ. तीजन बाई को दी श्रद्धांजलि, तंबूरा स्मारक बनाने की मांग



**भिलाई।** पंडवानी की अद्वितीय साधिका, लोकसंस्कृति की विश्वविख्यात प्रतिनिधि और पद्म विभूषण से सम्मानित स्व डॉ. तीजन बाई के निधन पर कला-साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ कवच द्वारा रविन्द्र निकेतन, कालीबाड़ी हुडको श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान सभा में नगर के साहित्यकारों, कलाकारों, रंगकर्मियों, संगीतप्रेमियों एवं संस्कृतिप्रेमियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोकनायिका श्रद्धांजलि और सम्मान अर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वर डॉ. तीजन बाई के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान विजय दिल्लीवार, परविंदर सिंह, रिखी क्षत्रिय, मुमताज, जय प्रकाश नायर, मणिमय मुखर्जी, शक्ति चक्रबर्ती, एल. रुद्र मूर्ति, बबलू विश्वास उपस्थित थे। वक्ताओं ने विजय दिल्लीवार ने डॉ. तीजन बाई के जीवन संघर्ष के उन पहलुओं को भी बताया जो आम लोगों को नही पता थी अन्य वक्ताओं ने उनके सरल, सहज और आत्मीय व्यक्तित्व से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए उनके निधन को कला जगत की अपूरणीय क्षति बताया। प्रमुख मांग श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनों ने सर्वसम्मति से यह मांग रखी कि भिलाई के किसी प्रमुख चौराहे पर डॉ. तीजन बाई की स्मृति में विशाल तंबूरे की आकृति वाला स्मारक स्थापित किया जाए। साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र के स्थापना काल 1960 से 70 दशक के विभिन्न विधाओं के दिवंगत कलाकारों-साहित्यकारों के नाम भी उस पर अंकित किए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां पंडवानी की इस महान परंपरा, उसकी शीर्ष साधिका और भिलाई के स्थापना काल के पुरोधा कलाकारों-साहित्यकारों को सदैव स्मरण रख सकें। इस अवसर पर रचना श्रीवास्तव, शान्तनु दासगुप्ता, ममता देवी, चन्द्रा बैनर्जी, मौ दत्ता, सुमिता सरकार, भाष्वोती बोस, डॉ. संस्कृति वर्मा, एल. रुद्र मूर्ति, एम. जानकीराव, जय प्रकाश नायर, मिथुन दास, रिखी क्षत्रिय, त्रिलोक तिवारी, मणिमय मुखर्जी, बरुण चक्रवर्ती, रामचन्द्र सामंत, प्रदीप गोले, मुकेश पटेल, श्रवण कुमार, शक्ति चक्रवर्ती, पी.पी. बिस्वास, प्रदीप कुमार मित्रा, आशुतोष बोस, सोमा बोस, रुमा बर्धन, स्वरा, अयन दत्ता सहित अनेक साहित्यकार, कलाकार एवं संस्कृति प्रेमी उपस्थित थे।

### जिला साहू व्यापार प्रकोष्ठ का सम्मान समारोह आज

**दुर्ग।** जिला साहू व्यापार प्रकोष्ठ दुर्ग के तत्वावधान में 12 जुलाई दिन रविवार को साहू सदन केलाबाड़ी में नियुक्ति-पत्र वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू व जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र साहू होंगे। अध्यक्षता जिला साहू संघ जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू करेंगे। वहीं विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू, वरिष्ठ सलाहकार रमेश साहू, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जिला साहू संघ कृष्णा साहू, महिला जिला उपाध्यक्ष मंजू साहू, राजनीतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक प्रशांत कलिहारी होंगे। साहू संघ व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धनंजय लल्लन साहू ने स्वजातीय व्यापारियों से समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

● तीसरे शुकराना महोत्सव में युवाओं को नशे से दूर रहने की दिलाई जाएगी शपथ

# हिंगलाज माता की चालीसा, अरदास और पल्लव गायन कर किया कन्यापूजन, शिक्षा और संस्कार दिलाने लिया संकल्प

**भिलाई।** आस्था और बालिकाओं सहित समाज सेवा की विशेष पहल ट्विनसिटी के हाउसिंग बोर्ड में सिंधी समाज द्वारा की जा रही है। सिंधी समाज में पहली बार देश के किसी झूलेलाल मंदिर में लगातार 40 शुक्रवार तक चलने वाला शुकराना महोत्सव शुरू हुआ है। इस महोत्सव की शुरुआत साईं झूलेलाल धाम 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड भिलाई से हुई है। आदर्श सिंध ब्रादर मंडल और साईं झूलेलाल धाम महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव का समापन 2 अप्रैल 2027 को झूलेलाल जयंती पर होगा। इस बार द्वितीय शुकराना शाम 4.30 से 6.30 बजे तक बड़े भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

### सुखमनी साहिब और चालीसा से शुरू हुआ दूसरा शुकराना

कार्यक्रम की शुरुआत सुखमनी साहिब के पाठ से हुई। इसके बाद भागवत के एक पाठ का वाचन किया गया। साईं झूलेलाल और समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता का चालीसा, आरती, अरदास एवं पल्लव गायन कर सभी श्रद्धालु भक्ति रस में भावविभोर हो गए। भजनों की मधुर धुनों के बीच पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने अपने जीवन को प्रभुमय बनाकर सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। साईं झूलेलाल और हिंगलाज माता द्वारा दी गई रहमतों, बक्शीशों और पावन आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त की गई।

### बेटियों का कन्यापूजन कर अर्पित किया शुकराना

द्वितीय शुकराने की सबसे बड़ी विशेषता समाज की बेटियों का सम्मान करना रहा। समाज की हर बेटी द्वारा किसी न किसी क्षेत्र में अर्जित सफलता के लिए साईं झूलेलाल के चरणों में शुकराना अर्पित किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी बेटियों के चरण धुलाकर कन्यापूजन किया गया। उन्हें प्रसाद भेंट कर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा से सम्मानित किया गया। इस दौरान पूरे पंडाल में बोल झूलेलाल के जयकारे गूंजते रहे।







इस दौरान विश्व कल्याण की अरदास के साथ-साथ देश में बेटियों के साथ हो रही लैंगिक हिंसा से सुरक्षा की अरदास की गई। ऐसी हिंसा करने वाले मानसिक विक्षिप्त लोगों को सद्बुद्धि देने की भी प्रार्थना की गई। वर्तमान में राजस्थान में नाबालिग बेटी के साथ हुई हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी को कठिन से कठिन सजा देने की मांग राष्ट्रपति से की गई।

### बालिका शिक्षा अनिवार्य और संस्कार का लिया संकल्प

कार्यक्रम के समापन पर समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी और महिला अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संकल्प दिलाया।उन्होंने कहा कि अब समाज के साथ-साथ स्थानीय समाज में भी हर बालिका को अनिवार्य शिक्षा दिलाने के लिए जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आर्थिक, शारीरिक, मानसिक हर प्रकार से संभव सहयोग कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। संकल्प में यह भी कहा गया कि बिना भेदभाव के सृष्टि की हर बेटी के कल्याण के लिए परोपकार किया जाएगा। हर जरूरतमंद बेटी को मुश्किल समय में सदैव सहयोग दिया जाएगा। इसके अलावा अपने समाज के साथ अन्य स्थानीय बेटियों को धर्म परिवर्तन, लव जिहाद से बचाने के लिए भी संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर बालिकाओं को हर समाज की संस्कृति जीवित रहे और समाज की एकता एवं अखंडता कायम रह सके इसके लिए विवाह अपने समाज में ही करने की बातें कही गई।

### युवाओं का सम्मान और नशा मुक्ति का दिलाएंगे शपथ

आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले शुक्रवार को तृतीय शुकराने में साईं झूलेलाल की प्रेरणा से समाज सेवा में अग्रणी रहने वाले सभी युवकों का सम्मान कर शुकराना अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर समाज की मुख्य कुरीति नशे के खिलाफ भी बड़ा संकल्प लिया जाएगा। युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई जाएगी। नशामुक्त समाज बनाने के लिए विवाहों में कॉकटेल पार्टी को प्रतिबंधित करने का संकल्प भी लिया जाएगा। यह संकल्प न सिर्फ समाज के श्रद्धालुओं से बल्कि स्थानीय नागरिकों से भी कराया जाएगा। इस आयोजन में समाज के श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं में भोग-प्रसाद वितरण किया गया। समाज के सदस्यों ने कहा कि 40 शुक्रवार तक चलने वाला यह महोत्सव न केवल भक्ति का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता का भी संदेश देगा।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने किया जागरूक, बताया स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत 35% सब्सिडी पर ऋण

**भिलाई।** ऑल इंडिया लीनेस वीरांगना भिलाई क्लब के सहयोग से ग्राम बागडूमर, जनपद धमधा, जिला दुर्ग में लगभग 400 महिलाओं की उपस्थिति में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग के मार्गदर्शन में स्वरोजगार उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केन्द्र एवं राज्य शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत 35% सब्सिडी पर ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक बी. आर. निकुंज, शारदा नायडू, गिरिराज नायडू, सवाना परवीन और कोरबा जिले से विशेष वक्ता नरेश खुंटे ने उपस्थित महिलाओं को स्वरोजगार, सरकारी योजनाओं एवं आत्मनिर्भर बनने के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक कोर्सेवाड़ा ने भवन निर्माण के लिए एक लाख तथा महिला स्व-सहायता समूहों के लिए 10





लाख की सहयोग राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर लीनेस वीरांगना भिलाई क्लब की अध्यक्ष रीना सिंह ने महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

## रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने पर डॉ. प्रवीण अग्रवाल सम्मानित

**दुर्ग।** शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक और पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रणीव अग्रवाल सम्मानित किए गए हैं। उन्हें यह सम्मान चिकित्सकों ने प्रदान किया है। डॉ. प्रवीण अग्रवाल लंबे समय से जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में सेवारत रहे। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में टीकाकरण अधिकारी के रूप में सेवा दी है। वे प्रभारी सीएमएचओ भी रह चुके हैं। वर्तमान में लोगों और संस्थाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके कार्यकाल में ब्लड बैंक में वर्ष 2023 में जहां 44 संस्थाओं के माध्यम से 2396 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। वहीं 2024 में 61 संस्थाओ के माध्यम से 3718 यूनिट ब्लड स्टोर किया गया। वर्ष 2025 में 3696 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। इस वर्ष अब तक करीब 1 हजार यूनिट ब्लड ही कलेक्ट हो पाया है। बता दें कि थैलीसीमिया, सिकलसेल, गर्भवती महिलाओं सहित अन्य मामलों में ब्लड की जरुरत होती है। इसके अलावा हादसों, ऑपरेशन में भी ब्लड की डिमांड होती है। डॉ. प्रवीण अग्रवाल बताते हैं कि रक्तदान से कई फायदे हैं। ब्लड प्रेशर की शिकायत कम होती है, जिससे हार्ट अटेक का खतरा कम होता है। नियमित रूप से ब्लड देने से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है। ज्यादा आयरन जमा होने से हार्ट अटैक



का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही इससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में रहता है, जिससे हार्ट हेल्थ बेहतर होती है। एक और बड़ा फायदा यह है कि ब्लड डोनेशन से पहले बेसिक हेल्थ चेकअप होता है। इसमें वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और ब्लड में किसी इन्फेक्शन की जांच की जाती है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है इसे बनाया नहीं जा सकता। इसलिए हमें रक्तदान कर दूसरों को जीवन देना चाहिए। 18 से 60 वर्ष तक का स्वस्थ व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम से अधिक हो रक्तदान कर सकता है। हर तीन माह में 300 ग्राम रक्त दान किया जा सकता है।

स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत भिलाई में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए भिलाई में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, उप क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग द्वारा यह कार्यक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल के उद्यानिकी विभाग के सहयोग से स्ट्रीट-22, सेक्टर-9 स्थित खुले मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

### सिंदूर का पौधा रोपकर हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, उप क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग के सहायक निदेशक अभिषेक शुक्ला ने किया। उन्होंने प्रथम सिंदूर का पौधा रोपकर इस पुनीत कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के महाप्रबंधक एन.के. जैन, विक्रांत सरन, उप महाप्रबंधक, राजेश कुमार शर्मा और शंकर अग्रवाल भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने सिंदूर के पौधों का रोपण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया।

## प्रकृति का श्रृंगार करने विभिन्न प्रजातियों सहित लगाया सिंदूर का पौधा, ट्री गार्ड लगाकर युवाओं से संरक्षण की दिलाई शपथ



### जन आंदोलन के संकल्प को मिली गति

सहायक निदेशक अभिषेक शुक्ला ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प को धरातल पर उतारने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वृक्षारोपण को एक जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा, सुरक्षित और स्वस्थ कल सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी आह्वान किया।

### बीएसपी के जीएम ने की पहल की सराहना

भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक एन.के. जैन ने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, दुर्ग के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे और निरंतर प्रयासों से न केवल क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी, बल्कि आम जनता भी वृक्षारोपण और पौधों की रक्षा के लिए प्रेरित होगी। कार्यक्रम के अगले चरण में कार्यालय के स्टॉफ ने रोपे गए सभी नए पौधों में पानी और जैविक खाद डाली ताकि उनका उचित संवर्धन हो। कार्यक्रम का समापन प्रकृति के सानिध्य में सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ। सभी ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता जताई, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने का संकल्प भी लिया।



## सिटी इवेंट

# जरुरतमंदों तक पहुंचाई राहत सामग्री, संवेदना का दिया संदेश




**भिलाई।** मानसून के दौरान बढ़ते संक्रमण और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को देखते हुए सामाजिक संस्था दिशा के सदस्यों ने दुर्ग के पुलगांव तथा भिलाई के सेक्टर-8, सेक्टर-2 स्थित वृद्धाश्रमों और सेक्टर-3 स्थित मानसिक रूप से विशेष जरूरत वाले लोगों के आश्रय स्थल फील परमार्थम फाउंडेशन में स्वच्छता सामग्री, फल व अन्य उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया। सेक्टर-8 वृद्धाश्रम में रुई के गद्दे भी भेंट किए गए।



संस्था की ओर से फिनायल, डिटर्जेंट, लिक्विड सोप, डामर गोली, फल और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई, ताकि मानसून के दौरान आश्रमों में स्वच्छता बनी रहे और वहां रह रहे बुजुर्गों और आश्रितों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। सामग्री वितरण के दौरान संस्था के सदस्यों ने आश्रमवासियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके साथ समय भी बिताया। इस आत्मीय मुलाकात से बुजुर्ग भावुक हो उठे। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि सेवा का उद्देश्य केवल सामग्री उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज के उन लोगों के साथ खड़े होना है जिन्हें सबसे अधिक सहयोग, सम्मान और अपनत्व की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में सेक्टर-8 वृद्धाश्रम की ओर से मीनाक्षी तथा फील परमार्थम फाउंडेशन की ओर से अमित राज ने दिशा संस्था के इस सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस सेवा अभियान में संस्था के सुजीत चक्रवर्ती, राजेश धारकर, प्रदीप दास, शांतनु दासगुप्ता, एस.के. दशोरे, उत्तम डे, नरसिम्हा राव, देबाशीष मजूमदार, कल्याण राय, बापी दास, भास्कर देवनाथ, दुष्यंत तिवारी, रामजी सिन्हा और पीके धाबरकर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कोहका कुरूद में 18 जुलाई तक चलेगी शिव पुराण महाकथा

# पीले वस्त्रों में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर दिया भक्ति का संदेश, महादेव के जयकारों की रही गूंज

भिलाई। सावन के पहले आषाढ़ मास में शिव महापुराण कथा का आयोजन कोहका में किया गया। जिसके एक दिन पूर्व क्षेत्र की महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र धारण कर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ों के साथ साथ बच्चों ने भी पारंपरिक पीले वस्त्र और हाथों में सनातन ध्वजा धारण कर उत्साह के साथ शामिल हुए। स्व. चिंता राम यादव शिक्षक की प्रथम पुण्यतिथि पर कोहका कुरुद में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शिव महापुराण महाकथा के शुभारंभ अवसर पर बुधवार को कुरुद बाजार चौक से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक वातावरण के बीच पूरा नगर भक्तिमय हो गया। 10 जुलाई से 18 जुलाई तक चलने वाली इस महाकथा की शुरुआत कलश यात्रा से हुई जिसमें महिलाओं, युवतियों, बच्चों और युवाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में बढ़-चढ़कर भाग लिया।



### पीली साड़ियों में निकली शोभायात्रा

कथा की शुरुआत से पहले सुबह वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कलश पूजन संपन्न हुई। इसके बाद सैकड़ों महिलाएं ने सिर पर सुसज्जित कलश धारण किए और भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। पीली और लाल साड़ियों में सजी महिलाएं, हाथ में ध्वज-पताकाएं लिए श्रद्धालु और आगे चल रहे बच्चे यात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा में भगवान शिव एवं माता पार्वती की आकर्षक झांकी, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े और भजन-कीर्तन की मधुर धुनों ने सभी का मन मोह लिया। पूरा मार्ग हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजता रहा।





### प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी यात्रा

कलश यात्रा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

### पं राजेश्वर दुबे करेंगे कथा वाचन, रोज होगा महाप्रसाद

आयोजन समिति ने बताया कि शिव पुराण महाकथा के दौरान प्रतिदिन प्रख्यात कथा वाचक पंडित राजेश्वर दुबे द्वारा श्रद्धालुओं को भगवान शिव की दिव्य कथाओं का रसपान कराया जाएगा। पंडित जी जलेश्वर शिव नगरी धाम तुमड़ीपार, साजा जिला बेमेतरा से पधार रहे हैं। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति, संस्कार एवं मानव जीवन के आदर्शों का संदेश मिलेगा। प्रतिदिन भजन-कीर्तन, आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान समिति के सदस्य और ग्रामवासी विशेष रुप से उपस्थित रहे। इस आयोजन में आयोजन समिति के चमेली यादव, आशीष यादव, संगीता यादव, वेदप्रकाश यादव, गायत्री यादव सहित ग्रामवासियों, महिला मंडलों और युवा साथियों का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन में अनुशासन, उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने इसे एक अविस्मरणीय आयोजन बताते हुए कथा के सफल एवं मंगलमय आयोजन की कामना की। शिव पुराण महाकथा एवं भव्य कलश यात्रा ने कोहका कुरुद के धार्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

## सिटी लाइव

# सीएसपी ने विद्यार्थियों को दिलाई सेवा और जिम्मेदारी निभाने की शपथ



**भिलाई।** जवाहर नगर स्थित केएच मेमोरियल स्कूल में शनिवार को इंस्टीट्यूट सेरेमनी 2026-27 का आयोजन किया गया। समारोह में नवगठित छात्र परिषद के सदस्यों को बैज और सैश पहनाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति से हुआ। अपने संबोधन में प्राचार्य विभा झा ने विद्यार्थियों से अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व के गुणों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वहीं मुख्य अतिथि सत्य प्रकाश तिवारी ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। ईमानदारी, मेहनत और समर्पण ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता, गुरुजनों और शिक्षकों का सम्मान करने तथा उनके मार्गदर्शन का पालन करने की अपील की। सीएसपी तिवारी ने कहा कि नई शिक्षा व्यवस्था के साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अपनाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने छात्र परिषद के सदस्यों से अपेक्षा की कि वे अपने आचरण और कार्यशैली से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनें। विद्यालय के डायरेक्टर निश्चय झा ने छात्र परिषद की भूमिका को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। वहीं अकादमी डायरेक्टर सृष्टि झा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान मिडिल विंग के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद आयोजित अलंकरण समारोह में तेजस मारिया को हेड बॉय, दीप्ति यादव को हेड गर्ल, आर्यन वर्मा को वाइस हेड बॉय तथा शास्कारी चंदोरे को वाइस हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गई। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि नवगठित छात्र परिषद विद्यालय में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।



## एमजीएम स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण

# नए छात्र नेतृत्व ने संभाली जिम्मेदारी, हेड बॉय शुभम और हेड गर्ल तनिष्ठा ने ली शपथ



**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद के अलंकरण शपथ समारोह का आयोजन किया गया। अतिथियों ने छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल मैनेजर बिशप हिज ग्रेस अलेक्सियोस मार यूसेबियस थे। उनके साथ स्कूल वाइस प्रेसिडेंट रेव्ह फादर कोरेस्कोपा शाजी एम बेबी, असिस्टेंट विकार रेव्ह फादर सुबिन के डेनियल, कॉरस्पोंडेंट सुरेश जेकब, प्राचार्य रेव्ह फादर जेम्स गीवर्गीस सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मुख्य अतिथि बिशप अलेक्सियोस मार यूसेबियस ने छात्र नेताओं को ईमानदारी, अनुशासन, सहयोग और नैतिक मूल्यों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं के छात्र श्रेयांश गौतम को साइंस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक और 5 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्राप्त करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में प्रथम पाली के हेड बॉय शुभम अग्रवाल, हेड गर्ल तनिष्ठा सान्याल, डिप्टी हेड बॉय वरदान जैन और डिप्टी हेड गर्ल सान्वी तिवारी सहित द्वितीय पाली एवं प्री-प्राइमरी विंग के छात्र पदाधिकारियों ने भी शपथ ली।



# नेतृत्व क्षमता विकसित करने विद्यार्थियों का हुआ अलंकरण



**भिलाई।** शारदा विद्यालय, रिसाली में शनिवार को छात्र संसद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का अलंकरण और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की।

अपने संबोधन में संजय ओझा ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना, अनुशासन, स्वच्छता, आपसी सामंजस्य, टीम भावना और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि छात्र नेतृत्व विद्यालय के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की मजबूत नींव रखता है। समारोह के दौरान सबसे पहले ग्रीन एम्बेसडर का चयन किया गया। इसके बाद क्लास कैप्टन, वाइस कैप्टन, हाउस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन तथा छात्र संसद के जूनियर सदस्यों का अलंकरण किया गया। चयन प्रक्रिया के अंतिम चरण में तेजस साहू को विद्यालय का हेड बॉय तथा श्रेया मजूमदार को हेड गर्ल चुना गया। मुख्य अतिथि ने दोनों सहित सभी निर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को बैज पहनाकर सम्मानित किया। नव निर्वाचित छात्र नेताओं ने अपने पद की गरिमा बनाए रखने, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, शालीनता और अनुशासन के साथ कार्य करने तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनुपमा सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रीति सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजर ममता ओझा, हेडमिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस शेष्टि राव, गतिविधि प्रभारी पूजा बब्बर, प्रतीक ओझा, वनिता तिवारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




## विश्व जनसंख्या दिवस पर गर्भवती महिलाओं को किया जागरूक, डाक्टर ने दिये टिप्स

# स्वस्थ मां व शिशु ही समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव, 50 गर्भवती को बांटे ताजे फल व पौष्टिक आहार



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर लायंस क्लब भिलाई पिनेकल द्वारा पिनेकल कार्यालय में 50 गर्भवती महिलाओं के लिए परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवतियों को स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु ही स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र की मजबूत नींव बताते हुए जागरुक किया गया, साथ उन्हें ताजे फलों की टोकरी और पौष्टिक आहार वितरित किया गया। मॉडल टाउन बस्ती में स्थित पिनाकल ऑफिस में कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन शालिनी सोनी ने की। विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अंकिता सिंह एवं डॉ. अमन डारी ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक सावधानियों, परिवार नियोजन तथा छोटे परिवार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु ही स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र की मजबूत नींव हैं।



### स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण

क्लब की प्रथम उपाध्यक्ष रश्मि गेडाम ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस हमें केवल जनसंख्या नियंत्रण का ही नहीं, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का भी संदेश देता है। परिवार नियोजन, उचित पोषण और समय पर स्वास्थ्य परामर्श अपनाकर हम एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी 50 गर्भवती महिलाओं को क्लब की ओर से ताजे फलों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से गर्भवती माताओं को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करने और स्वस्थ शिशु के जन्म के लिए आवश्यक पोषण उपलब्ध कराने का संदेश देने के लिए किया गया था।



### स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़े कार्य को प्रथमिकता

कार्यक्रम के अंत में चार्टर प्रेसिडेंट पीएमजेएफ विभा भूटानी ने डॉ. अंकिता सिंह और डॉ. अमन डारी को उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं समाज के प्रति अमूल्य योगदान के लिए स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। क्लब अध्यक्ष शालिनी सोनी ने कहा कि लायंस क्लब भिलाई पिनेकल समाज सेवा के विविध क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी स्वास्थ्य, जागरूकता एवं जनकल्याण से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन क्लब की उपाध्यक्ष प्रिया रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम में क्लब की सचिव शोभा जंभुलकर, पूर्व अध्यक्ष उर्मिला टावरी तथा क्लब के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर उपस्थित गर्भवती महिलाओं ने इस उपयोगी और प्रेरणादायी पहल के लिए लायंस क्लब भिलाई पिनेकल का आभार व्यक्त किया।

# डीपीएस भिलाई की शिक्षिका एशियन जूनियर जूडो चैंपियनशिप में निभाएंगी रेफरी की भूमिका



**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल डीपीएस भिलाई की शारीरिक शिक्षिका और अंतरराष्ट्रीय जूडो रेफरी किरण शर्मा का चयन एशियन कैडेट एंड जूनियर जूडो चैंपियनशिप-2026 में रेफरी के रूप में हुआ है। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 19 जुलाई तक अम्मान जॉर्डन में आयोजित होगी। किरण शर्मा 13 जुलाई को भारत से जॉर्डन के लिए रवाना होंगी।प्रतियोगिता में किरण शर्मा विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के मुकाबलों में रेफरी की जिम्मेदारी निभाएंगी। इससे पहले भी वह कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिताओं में सफलतापूर्वक रेफरी की भूमिका निभा चुकी हैं। उनका चयन डीपीएस भिलाई, छत्तीसगढ़ और पूरे देश के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। इस उपलब्धि पर डीपीएस भिलाई की हेडमिस्ट्रेस गीता जुंजानी, प्रिंसिपल-इन-चार्ज अहमद जुंजानी सहित विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने किरण शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल दायित्व निर्वहन की कामना की। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष और किरण शर्मा के कोच अरुण द्विवेदी तथा महासचिव संभूराम सोनी ने उन्हें बधाई दी। किरण शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय डीपीएस भिलाई के प्रबंधन, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ तथा अपने वरिष्ठों के मार्गदर्शन और सहयोग को दिया।

## खबर संक्षेप



### शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, संतोषी अध्यक्ष

**उतई।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरीगारका में शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पालको ने संतोषी साहू को अध्यक्ष, कोमल साहू को उपाध्यक्ष, योगनारायण राजपाल को शिक्षाविद बनाया गया है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच चुमन यादव, प्रधानपाठक तेजेश्वरी गांवरे, शिक्षक प्रेमलाल साह, अनिमा चन्द्राकर, रंजना देशमुख, विधायक प्रतिनिधि राजेश गजपाल, चम्पेश्वर गजपाल, झरहिन यादव, फेंकन यादव एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बीआरसीसी ने दौरा किया विकासखंड की स्कूलों का

**सेलूद।** शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत स्कूलों के अवलोकन के क्रम में विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसीसी) पाटन गुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने संकुल कन्या रानीतराई के अंतर्गत आने वाले स्कूलों का शैक्षिक अवलोकन किया। अवलोकन की शुरुआत शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला असोगा से हुई। यहाँ बच्चे खुद बीआरसीसी को खेलने के लिए अपनी तरफ खींचने लगे। बच्चों के इस निश्छल प्यार को देखकर बीआरसीसी वर्मा भी खुद को रोक नहीं पाए और बच्चों के बीच बच्चे बनकर स्वयं उनके साथ खेलने लगे। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कौही एवं प्राथमिक शाला कौही के निरीक्षण में बच्चों का पठन कौशल हिन्दी, अंग्रेजी धारा प्रवाह और गणित में 25 तक पहाड़ा याद करने की जाँच की गई।

### चित्रकला एवम निबंध प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चे



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत रेडक्रॉस के वालेंटीयर्स द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के जागरूकता हेतु चित्रकला एवम निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे निबंध में प्रथम 12 वी से प्रतीक्षा ठाकुर, 10 वी से ओमिका पटेल द्वितीय, 11 वी गरिमा देशमुख व 10 वीं से दुर्गेश निर्मलकर एवम चित्रकला में प्रथम 10वीं से यीशिका साहू, 12वी से ईशा निषाद, द्वितीय 10वी से नंदिनी पटेल व 12वी से भावना रही।

### भाजपा मंडल की हुई बैठक



**पाटन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा अमलेश्वर मंडल की मंडल स्तरीय परिचयात्मक बैठक जामगांव स्थित विश्राम गृह परिसर में हुई। मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह और विशिष्ट अतिथियों में जिला महामंत्री अनिकेत यादव, जिला पंचायत सभापति नीलम चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष हर्षा चंद्राकर, लोकमणि चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, मंडल महामंत्री कैलाश यादव एवं धर्मेंद्र कौशिक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरज दास महंत पिता बाबुलाल महंत, उम्र-33 वर्ष, जाति-पनिका, निवासी- 125, कबीर चौक झोपड़ीपारा, वार्ड नं. 35, थाना- जूटमिल, तह. व जिला रायगढ़ (छ.ग.) एवं आवेदिका मुस्कान पिता मनोहर, उम्र 21 वर्ष, जाति-सतनामी, निवासी- भरतनगर कुकदा, वार्ड नं. 20, पो. कुम्हारी, तह. व थाना धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.08.2026 को 03.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / उजर करना हो तो वे निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/उजर पर सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 02.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)

## रिक्त पदों पर जल्द भर्ती की उठाई मांग

# शिक्षकों की कमी से जूझ रहा देवादा स्कूल प्रभावित बच्चों ने सरपंच से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

**सरपंच को ज्ञापन सौंपकर बच्चों ने बताई अपनी पीड़ा**



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवादा में शिक्षकों की कमी अब विद्यार्थियों की चिंता का विषय बन गई है। नियमित पढ़ाई प्रभावित होने से परेशान छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार 10 जुलाई को ग्राम पंचायत देवादा की सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा को ज्ञापन सौंपकर विद्यालय में रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की।

विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं अर्थशास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं हैं। इन विषयों की नियमित कक्षाएं संचालित नहीं होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। सबसे अधिक परेशानी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को हो रही है, जिन्हें मार्गदर्शन के अभाव में स्वयं अध्ययन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि विद्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर का पद भी लंबे समय से रिक्त है। इससे कंप्यूटर शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक विषयों के शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति बेहद जरूरी है।

सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों से संबंधित ज्ञापन को शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान सुहानी वर्मा, भूमिका वर्मा, यशवंत कुमार, वेदिका वर्मा, डोमेंद्र वर्मा, खोमेश वर्मा, डोमन वर्मा, भवदीप साहू, शेखर वर्मा, हिना साहू, दिव्या ठाकुर, रुपाली, छाया लीना सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उम्मीद जताई कि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा, ताकि विद्यालय में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था बहाल हो सके।

### विधानसभा घेराव 15 को शिक्षक अधिकारों की आवाज बुलंद करने तैयारी

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के नेतृत्व में प्रदेशभर के सहायक एवं समग्र शिक्षक अपनी वर्षों पुरानी लंबित मांगों को लेकर 15 जुलाई को विधानसभा घेराव करेंगे। फेडरेशन ने प्रदेश के सभी शिक्षकों से बड़ी संख्या में इस आंदोलन में शामिल होकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने का आह्वान किया है।

फेडरेशन के दुर्ग जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि सरकार से लगातार मांगें रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए यह लोकतांत्रिक आंदोलन किया जा रहा है।

इस दौरान फेडरेशन मोदी की गारंटी के अनुरूप सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त कर सेवारत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने, पूर्व सेवा की गणना करते हुए पूर्ण पेंशन सहित समस्त सेवानिवृत्ति लाभ देने और लंबित पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाकर शीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करने सहित अन्य मांगें रखीं हैं।

## अंचल की खबरें

### कौही स्कूल में एसएमसी समिति का किया गठन



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला कौही में शिक्षा सत्र 2026-27 में शाला प्रबंधन समिति की प्रथम मासिक बैठक शनिवार को गुरूजी मंगलूराम देवांगन कक्ष में रखी गई। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करते हुए अध्यक्ष बिरेंद्र मारकण्डे और उपाध्यक्ष रत्ना देवांगन बनाए गए। इसके अलावा 16 सदस्यीय सदस्यों को भी सर्वसहमति से मनोनीत किया गया। इस दौरान उपस्थित पूर्व अध्यक्ष गंगा राम साहू को विद्यालय में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बैठक में मासिक वालपेपर माह जुलाई का अनावरण उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया तथा प्रधानपाठक राजेन्द्र मारकण्डे द्वारा बच्चों के नामांकन, ठहराया। अंगना में शिक्षा और आय- व्यय तथा जाति - निवासी प्रमाण पत्र बनाने संबंधित जानकारियां साझा की गई। बैठक में सरपंच लीना साहू, उपसरपंच हेमु सोनकर, विधायक प्रतिनिधि धनेश्वर देवांगन, शिक्षक टोकेन्द्र बिजौरा, त्रिलोचन साहू, चन्द्रकांत नेताम, शिक्षा स्वयं सेवी लेखा ठाकुर, पंच सरोज निषाद सहित आदि उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी परिसर में पौधे लगाए ग्रामीणों ने




**अंडा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों में 'एक पेड़ माँ के नाम' और 'जल शक्ति से नारी शक्ति' अभियानों के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अंडा की आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 में कार्यकर्ता, सहायिका व बच्चों ने पौधारोपण किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन साहू ने बच्चों को पेड़ का महत्व बताया। इस अवसर पर मितानिन गण रुखमनी देशमुख, खुर्शीद बैगम, तीजन यादव, अनपूर्णा, देविका, कुशमा, कंचन गौतम, पेमीन नागवंशी और चंद्रहास साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों को कराया नेवता भोजन



**सेलूद।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) डी. के. देवांगन ने अपना जन्म दिवस एक अनूठे और सेवाभावी अंदाज में मनाया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला चुनकट्टा के बच्चों के बीच पहुंचकर न केवल अपना जन्मदिन साझा किया, बल्कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान भी बिखेरी।इस विशेष अवसर पर श्री देवांगन ने स्कूल के सभी बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन के तहत 'नेवता भोजन' का शानदार आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों को बड़े चाव से खीर, पूरी, मिठाई और केक खिलाया गया। इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री देवांगन ने कहा, इन मासूम बच्चों के चेहरों पर आने वाली मुस्कान ही मेरे जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के सपरिवार सहित सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे, सविता देशलहरे, संकुल प्राचार्य पियाली सेन, बीआरसी भुनेश्वर वर्मा, ग्राम पंचायत की सरपंच रोशनी सोनु राय, उपसरपंच अजय राजपूत,संकुल समन्वयक अशोक सिन्हा एसएमसी अध्यक्ष नरसिंग साहू, विधायक प्रतिनिधि श्री सोनवानी एवं विद्यालय की प्रधान पाठक धनेश्वरी बंजारे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों को पंचायत ने दिए थाली गिलास



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला कौही के बच्चों के लिए बुधवार 8 जुलाई खुशियां लेकर आई। जहां ग्राम पंचायत कौही द्वारा बच्चों के आवश्यकताओं को देखते हुए 110 नग गिलास व 30 नग थाली विद्यालय को सौंपे गए। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच लीना साहू ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा अवसर प्रदान करने के लिए ग्राम पंचायत कौही हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रधानपाठक राजेन्द्र मारकण्डे, शिक्षक टोकेन्द्र बिजौरा, त्रिलोचन साहू, चन्द्रकांत नेताम, सुरेश साहू, सचिव खेमसिंह यदु, रोजगार सहायक उमेन्द्र साहू, लेखा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## अब बेटी के जन्म पर 21 हजार की एफडी 18 साल बाद मिलेंगे करीब 1 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



वैशाली नगर विधानसभा के रहवासी कार्यकर्ताओं के सामाजिक और पारिवारिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में विधायक रिकेश सेन ने एक अहम पहल की है। स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण से जुड़ी आठ विशेष योजनाओं की घोषणा के बाद अब उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए कन्या भविष्य सुरक्षा योजना का ऐलान किया है, जो 10 अगस्त से लागू होगी। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि 10 अगस्त के बाद वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के घर यदि कन्या का जन्म होता है, तो उस नवजात बेटी के नाम पर 21,000 की फिक्स डिपॉजिट कराई जाएगी। यह राशि 18 वर्ष की अवधि पूरी होने पर परिपक्व होगी और तब बेटी को करीब 1 लाख रुपए की राशि प्राप्त होगी। यह आर्थिक सहयोग उसकी उच्च शिक्षा, आत्मनिर्भरता या विवाह जैसे महत्वपूर्ण पड़ावों पर परिवार के लिए संबल बनेगा। विधायक ने कहा कि बेटी केवल परिवार की नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होती है। उनका प्रयास है कि भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों की बेटियों का भविष्य आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित और सशक्त बने।

- भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए विधायक रिकेश का एक और बड़ा तोहफा

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण



**अण्डा।** शासकीय प्राथमिक शाला अछोटी भाठा में वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत ³माँ के नाम एक पेड़³ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलेन्द्र निर्मलकर, प्रेम साहू, ओमेश्वरी देशमुख आदि उपस्थित थे।

## युवा मोर्चा राष्ट्र निर्माण की शक्ति, गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करें : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी के अंजोरा मंडल और अंडा निकुम मंडल युवा मोर्चा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक अंजोरा (ख) में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने नवगठित युवा मोर्चा की टीम को बधाई देते हुए संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

- अंजोरा और अंडा निकुम मंडल युवा मोर्चा की बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राष्ट्र निर्माण की ऊर्जा और संगठन की मजबूत शक्ति है। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना भी है।

उन्होंने कहा कि युवा ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। यदि युवा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ कार्य करें तो संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से समाज सेवा और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा के सामने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक में अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जिला मंत्री गिरीश साहू, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महिला मोर्चा अध्यक्ष रामकली साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन, जनपद सदस्य संगीता साहू, युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसएनजी विद्यालय में छात्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



श्री नारायण गुरु एसएनजी विद्यालय, सेक्टर-4 में शनिवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद का गठन और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न नेतृत्व पदों की जिम्मेदारी सौंपने के साथ उन्हें ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

समारोह में विद्यालय के मैनेजर वीके बाबू, कॉरेस्पोंडेंट टीयू सुनील, ट्रेजरर पीएस सुरेश, प्राचार्य अनुराग वर्मा, मुख्य समन्वयक राजी के अनिल, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर समारोह को भावपूर्ण बना दिया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य अनुराग वर्मा ने नेतृत्व, ईमानदारी और टीमवर्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर घनश्याम कक्षा 12वीं ए को शाला नायक हेड बॉय, प्रेरणा कुमारी कक्षा 12वीं ए को शाला नायिका हेड गर्ल, आयुष कोशले को अनुशासन प्रमुख छात्र तथा अनुष्का बोरीकर को अनुशासन प्रमुख छात्रा चुना गया। इसके अलावा डिप्टी हेड बॉय, डिप्टी हेड गर्ल, रेड क्रॉस प्रतिनिधि, स्काउट एंड गाइड, एनसीसी कैडेट, साइंस क्लब, ई-क्लब और सांस्कृतिक क्लब के छात्र प्रतिनिधियों को भी बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कक्षा 12वीं सत्र 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए 51 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान एस शशांक 92.4 प्रतिशत, आयुषी गिरी 91 प्रतिशत और अंशिका शर्मा 90 प्रतिशत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही जिन शिक्षकों ने अपने विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम दिए, उन्हें भी सम्मान और पुरस्कार प्रदान किए गए।

## मृत कर्मी के परिजनों से की मुलाकात



**भिलाई।** सिस्टम इंडिया कंपनी में कार्यरत कर्मी जामुल निवासी शिव कुमार सोनी की हादसे में काम करने के दौरान मौत हो गई। खबर लगने पर असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश सचिव, जिला अध्यक्ष राहुल वर्मा पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कर्मी के साथ हो रहे शोषण का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। कंपनियों में कर्मियों के सुरक्षा व्यवस्था बेहतर रहे ऐसा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने मृत परिवार से मुलाकात कर उनकी परेशानियों की जानकारी लेकर आश्वासन दिया कि शासन से मिलने वाले मुआवजा और लेबर डिपार्टमेंट से बात कर परिजनों को न्याय दिलाने भरसक प्रयास करेगें। इस दौरान प्रेम कुमार मिश्रा, ऋषभ तिवारी समेत अन्य सभी कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

**बिजनेस साइट**

## सहेली ज्वेलर्स का गोल्डन मॉनसून ऑफर शुरू




**दुर्ग।** शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान सहेली ज्वेलर्स ने ग्राहकों के लिए विशेष गोल्डन मॉनसून ऑफर की शुरुआत की है। सीमित अवधि के इस ऑफर के तहत गोल्ड, सिल्वर और डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर आकर्षक रियायतें दी जा रही हैं। ऑफर के तहत 22 कैरेट येलो गोल्ड और सिल्वर ज्वेलरी पर मात्र 3 प्रतिशत मेकिंग चार्ज रखा गया है। वहीं डायमंड ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहकों को डायमंड वैल्यू पर 25 प्रतिशत और डायमंड मेकिंग चार्ज पर भी 25 प्रतिशत की विशेष छूट मिलेगी। सहेली ज्वेलर्स में गोल्ड, डायमंड, सिल्वर, पोल्की डायमंड, एंटीक और टेंपल गोल्ड ज्वेलरी की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। आधुनिक और पारंपरिक डिजाइनों का विशेष कलेक्शन हर आयु वर्ग और हर अवसर की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सभी आभूषण बीआईएस हॉलमार्क और प्रमाणित गुणवत्ता के साथ उपलब्ध हैं। ग्राहकों को गोल्ड एक्सचेंज, पुराने सोने का उचित मूल्यांकन और कैरेट मीटर से शुद्धता जांचने जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं। प्रबंधन के अनुसार, यह ऑफर त्योहारों, शादी-विवाह और अन्य पारिवारिक आयोजनों के लिए आभूषण खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों के लिए बचत का शानदार अवसर है। यह विशेष ऑफर गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित सहेली ज्वेलर्स के सभी शोरूम में लागू है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नगर निगम दुर्ग में चार कर्मचारियों को पदोन्नति

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग में विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर चार कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के तहत सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में नीलू तिवारी, पुरुषोत्तम साहू, रेखा कुर्रे एवं तपन यादव शामिल हैं। इन कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार वेतनमान मैट्रिक्स लेवल-6 का लाभ मिलेगा। पदोन्नत कर्मचारियों को आदेश जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर नवीन पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा।

### मुकेश बने साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संगठन सचिव



दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू की अध्यक्षता एवं प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ संयोजक शशि कांत साहू के नेतृत्व में समाज के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता मुकेश साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद मुकेश साहू ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में समाज के युवाओं को संगठित कर सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन सशक्तीकरण तथा समाजहित के विभिन्न कार्यों को गति दी जाएगी। मुकेश साहू दुर्ग जिला साहू संघ में युवा प्रकोष्ठ संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### सोनी बने सोशल मीडिया प्रभारी



भिलाई। भारतीय जनता पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने भिलाई तीन निवासी पूर्व पार्षद राजेन्द्र सोनी को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनकी नियुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी रामजी भारती की सहमति और जिला अध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन के अनुमोदन से किया गया है। श्री सोनी ने मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश देवांगन समेत सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है।

### भर्ती के लिए दावा आपत्ति 13 जुलाई तक

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी के अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की अनन्तिम सूची परियोजना कार्यालय एवं नगर निगम दुर्ग के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा की गई है। आवेदकों से 13 जुलाई 2026 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। उक्त अवधि में ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन दावा आपत्ति मान्य होगा।

# खुले गड्ढों से जान का खतरा, सुरक्षा उपाय करने के लिए आयुक्तों को निर्देश

## लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए राज्य शासन ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

निर्माणाधीन स्थलों, स्कूलों सहित अन्य ऐसे स्थलों पर जहां गड्ढे हैं और उनमें बारिश का पानी जमा हो गया है। उन सभी जगहों पर निगरानी रखने के आदेश राज्य शासन ने जारी किए हैं। इसके लिए निकायों के आयुक्त और सीएमओ को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसी सारी जगहों का सर्वे कराएं। उन जगहों की पहचान कर वहां यथासंभव सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जाए। सुरक्षा बोर्ड लगाए जाएं। घेरा किया जाए। अन्य प्रकार से संकेतक लगाए जाएं। ताकि किसी प्रकार का हादसा सामने न आ सके। नगरीय प्रशासन ने इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रति माह पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। लापरवाही सामने आने पर संबंधित पर कार्रवाई भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्ग निगम आयुक्त ने शासन के आदेश के बाद शहर के सभी गड्ढों की निगरानी के निर्देश जारी किए हैं।




### शहर में ऐसे स्थलों की भरमार, मोड़ की नालियां भी खुली हुईं

बता दें कि शहर में यहां-तहां गड्ढों की भरमार है। कई जगह ऐसे हैं, जहां मोड़ पर नालियां खुली हुई हैं। बारिश होने पर नजर नहीं आती। इसके अलावा बारिश होने के साथ ही सड़क पर गड्ढे बन आए हैं। लगातार सोशल मीडिया में ऐसे गड्ढे वायरल भी हो रहे हैं। बावजूद अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया गया है। आदित्य नगर सड़क, मोतीपारा, बांधा तालाब क्षेत्र, पोटिया मार्ग, गया नगर, शिवपारा, सिद्धार्थ नगर सहित अन्य जगहों पर गड्ढे हैं। इसके अलावा निर्माण कार्य के दौरान कॉलोनियों में खुले में जगहों को छोड़ दिया गया है। इस वजह से हादसे का खतरा बना हुआ है।

## 24 फरवरी को जारी हुआ कार्यादेश, अब तक नींव खोदने का ही काम हुआ

# दुर्ग में आकार ले रहा शहर का पहला मल्टीलेवल पार्किंग, पुरानी बिल्डिंगों को किया गया डिस्मेंटल

## मल्टीलेवल पार्किंग का ड्राइंग और डिजाइन तैयार, आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर का पहला मल्टीलेवल पार्किंग धीरे-धीरे आकार ले रहा है। पुराने जिला आर्युवेद अस्पताल आसपास के अन्य पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर पार्किंग का काम शुरू किया गया है। बता दें कि 24 फरवरी को इस कार्य के लिए कार्यादेश जारी किया गया। योजना के अंतर्गत करीब 17.33 करोड़ रुपए में यह मल्टीलेवल पार्किंग तैयार किया जाना है। रायपुर के कार्य एजेंसी दीपक पांडेय को 7.56 प्रतिशत एबो में यह कार्य किया जा रहा है। द्वितीय निविदा में आई न्यूनतम दर के आधार पर यह कार्य आदेश जारी किया गया है। वर्तमान में आसपास की पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने के अलावा झाड़ियों को हटाया गया है। पुराना बस स्टैंड स्थित इंदिरा मार्केट में बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए मल्टीलेवल पार्किंग स्वीकृत किया गया है। तीन मंजिला इमारत बनाए जाने की तैयारी है। इसमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग होगी। निगम आउट सोर्सिंग के माध्यम से इस मल्टीलेवल पार्किंग का संचालन करेगा। जानकारी के मुताबिक 150 से ज्यादा वाहनों के रखने इंतजाम यहां किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह पार्किंग शहर में अपने तरह की पहली पार्किंग होगी। जहां दूसरे और तीसरे मंजिल में भी वाहन खड़े होंगे। कार्य एजेंसी को 18 माह का समय दिया गया है। वर्तमान में करीब 5 महीने का समय गुजर चुका है।







### जुलाई 2025 को मिली थी मल्टीलेवल पार्किंग की तकनीकी स्वीकृति

जानकारी के मुताबिक मल्टीलेवल पार्किंग का काम काफी धीमी रफ्तार से चल रहा है। 28 जुलाई 2025 को इसकी 16.29 करोड़ रुपए तकनीकी स्वीकृति मिली थी। 6 अक्टूबर 2025 को 16.11 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली। इसके बाद निविदा की प्रक्रिया शुरू हुई। निविदा प्रारूप और नियम-शर्तों का अनुमोदन लिया गया। पहली निविदा 4 नवंबर 2025 को जारी हुई। केवल एक निविदाकार ने टेंडर डाला, इसलिए प्रक्रिया को निरस्त कर दोबारा निविदा निकाली गई। दूसरी निविदा में 7.56 प्रतिशत एबो में करीब 17.33 करोड़ रुपए की लागत से कार्य की स्वीकृति दी गई। इसमें बिल्डिंग 1 जनवरी 2025 और इलेक्ट्रिकल 1 जून 2020 के एसओआर एवं नॉन एसओआर राशि 81.50 लाख रुपए में स्वीकृति प्रदान की गई। कार्य आदेश 24 फरवरी 2026 को जारी किया गया। 18 महीने में काम पूरा किया जाना है।

### नालंदा परिसर में बन रहा आधुनिक अध्ययन केंद्र

पांच बिल्डिंग क्षेत्र में प्रयास कन्या विद्यालय एवं छात्रावास के पीछे अधोसंरचना मद से लगभग 12.13 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने से विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनके शैक्षणिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा 129.50 करोड़ की लागत से 47 एमएलडी एसटीपी का काम भी शुरू हो चुका है। अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत पुलगांव में 30 एमएलडी एवं उरला में 47 एमएलडी क्षमता के कुल 77 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का काम चल रहा है। परियोजना शहर की सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए तैयार की गई है।

# कचहरी वार्ड में 24.98 लाख की लागत से बनेगी आरसीसी नाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 39 कचहरी वार्ड में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। उक्त विकास कार्य की लागत राशि 24.98 लाख रुपये है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत बुद्धेश्वर मंदिर से देवांगन दुकान तक, अमन खोटे के घर से लोकनाथ साहू के घर तक तथा रामाधार निर्मलकर के घर से अश्वनी चौधरी के घर तक आरसीसी नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य कराया जाएगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिलेगी।इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर एवं एमआईसी सदस्य शेखर चन्द्राकर, शिव नायक, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, काशीराम कोसरे, शशि साहू, रंजीता पाटिल, सविता साहू, जितेंद्र ताम्रकर, सहायक अभियंता सुरेश केवलानी, उपअभियंता मोहित मरकाम सहित अन्य मौजूद थे। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। नाली, सड़क, पुलिया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना निगम की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की मांग और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

### माय भारत में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने निर्देश

दुर्ग। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल माय भारत के अंतर्गत जिला सलाहकार एवं जिला समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में माय भारत योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि इसका उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा, कौशल विकास एवं शासकीय योजनाओं से जोड़ना है।

# चिकित्सा शिक्षा को राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाने लोगों से की गई अपील, लिया संकल्प

भिलाई। राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप, जिला दुर्ग और मिडे विजन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को श्री शंकराचार्य तकनीकी परिसर एसएसटीसी ऑडिटोरियम, जुनवानी में विकसित भारत 2047 के विजन में डॉक्टरों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में 400 से अधिक विद्यार्थी, प्राध्यापक, चिकित्सक, चिकित्सा विशेषज्ञ और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

मुख्य अतिथि अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी थे। अध्यक्षता एसएसटीसी के डायरेक्टर पीबी देशमुख ने की। इस अवसर पर अभाविप छत्तीसगढ़ की प्रदेश सह मंत्री मनीषा राणा, जिला संयोजक रूपेश कुर्रे और नगर अध्यक्ष डॉ. रितेश दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का स्वास्थ्य तंत्र सशक्त, संवेदनशील और सेवा भावना से परिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई का महत्व लगातार बढ़ रहा है, लेकिन कोई भी तकनीक डॉक्टर की मानवीय संवेदना, करुणा और नैतिक मूल्यों



का स्थान नहीं ले सकती। उन्होंने विद्यार्थियों से चिकित्सा शिक्षा को केवल रोजगार नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाने का आह्वान किया। पीबी देशमुख ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल कुशल डॉक्टर तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है जो ज्ञान, अनुसंधान, नवाचार और मानवीय मूल्यों के माध्यम से राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने विद्यार्थियों से आधुनिक तकनीक और शोध का उपयोग समाजहित में करने की अपील की। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने चिकित्सा शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियों और विकसित भारत के निर्माण में डॉक्टरों की भूमिका से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। इस अवसर पर विभाग संयोजक कुनाल सिंह राजपूत, नगर मंत्री आकाश कुमार साहू, वैभव सिंह, हर्ष तिवारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एसएमएस कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

भिलाई। बीएसपी के एसएमएस-3 विभाग में को कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह हुआ। इसमें 22 कार्मिकों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप सम्मानित कार्मिकों को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति-पत्र तथा उनके जीवनसाथियों के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा ने कहा कि कर्म शिरोमणि पुरस्कार केवल उत्कृष्ट कार्य निष्पादन का ही नहीं, बल्कि सुरक्षित कार्य-संस्कृति, जिम्मेदारी एवं समर्पण का भी सम्मान है। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले कार्मिकों में जितेन्द्र कुमार, आमोद कुमार, पाण्डुराम ठाकरे, समीर हेमब्राम, प्रवीण पाटिल, राम गोपाल यादव, विनेश कुमार, पंकज कुमार पोर्ते, ए. अशोक कुमार, राकेश कुमार ठाकुर, इन्द्रपाल सिंह कुमरे, दिलीप कुमार लारेन्द्र आदि शामिल हैं।

# विवेकानंद नगर में 15 लाख की लागत से बन रहे भवन का होगा पूर्ण निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

वार्ड-33 कैंप-2 स्थित विवेकानंद नगर में हरि संघ मंदिर के सामने निर्माणाधीन सामुदायिक भवन को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की विधायक निधि से लगभग 15 लाख रुपए की लागत से बन रहे इस भवन के पूरे हिस्से में आरसीसी छत ढलाई कराने पर नगर निगम परियोजना कार्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सहमति बन गई।

बैठक में परियोजना अधिकारी नितेश मेसराम, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, इंजीनियर दीपक देवांगन, विधायक कार्यालय के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील तथा हरि संघ समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में भवन के अधिकतम उपयोग और जनहित को ध्यान में रखते हुए विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि सामुदायिक भवन के संपूर्ण क्षेत्र में आरसीसी छत का निर्माण कराया जाएगा, जिससे भवन का उपयोग सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और



सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर ढंग से किया जा सके। इस प्रस्ताव पर हरि संघ समिति के अध्यक्ष भूपति मंडल ने भी अपनी लिखित सहमति प्रदान की।

निर्णय के बाद हरि संघ समिति और क्षेत्रवासियों ने निर्माण स्थल पर पूजा-अर्चना कर खुशी व्यक्त की। महिलाओं ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश के नाम पर नारियल फोड़ा तथा भवन निर्माण कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस फैसले का स्वागत किया। इस अवसर पर सुमि शील, चित्रा मंडल, नर्मदा राय, पूजा मल्लिक, गायत्री विश्वास, तरुबाला, रूमा मल्लिक, सबिता पंडित, इंद्रासन, भूपति मंडल, मानिक शील सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## यातायात व्यवस्था में सुधार एवं कारगर पहल से सड़क दुघटनाओं में आई कमी

# हादसों को रोकने हाइवे पर किए जा रहे सुरक्षा के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले में प्रति माह आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में वाहन दुर्घटना की रोकथाम हेतु सौंपें गये दायित्वों एवं किये जा रहे उपायों की लगातार समीक्षा की गई।

- **कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक**

जानकारी दी गई कि लगातार बैठकों की वजह से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। वाहन दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर कम हुई है। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी सम्मिलित हुए। कलेक्टर एवं एसएसपी ने संयुक्त रूप से बैठक की एजेंडावार विभागों को सौंपे गये दायित्वों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के प्रारंभ में विगत बैठक की पालन प्रतिवेदन में चर्चा की गई। जिसमें एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, लोक निर्माण विभाग भ/स, लोक निर्माण विभाग दुर्ग, भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर पालिक निगम दुर्ग, नगर पालिक निगम भिलाई, नगर पालिक निगम चरौदा भिलाई, नगर पालिका कुम्हारी, आबकारी विभाग, कार्यपालन अभियंता सीएसपीडीसीएल, जिला परिवहन विभाग, राजस्व विभाग, पीएमजीएसवाय, रेलवे विभाग, कार्यपालन अभियंता सेतु संभाग के अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा एवं वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विभाग को सौंपे गये दायित्वों के अद्यतन प्रगति एवं शासन को प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अवगत कराया।



### चयनित स्थलों पर हाई मास्ट, क्रश बैरियर और संकेतक लगाए गए

जिला प्रशासन को अधिकारियों ने जानकारी दी कि चयनित स्थानों पर हाई-मॉस्क लाईट, क्रश बैरियर, रम्बल स्ट्रीट, पास कटिंग प्रारंभ एवं बंद करने, डिवाइडर कटिंग बंद करने, डिवाइडर निर्माण, सांकेतिक बोर्ड लगाने, सर्विस लेन निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, रेडियम स्टीकर लगाने, बोर्ड मार्किंग, मुख्य मार्ग से शराब दुकान हटाने, दुकानों में गॉड की तैनाती एवं वाहन पार्किंग की व्यवस्था, अण्डरब्रिजों की सफाई व्यवस्था आदि बेहतर कार्य किये गये। अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों की कार्यवाही पूर्णता पश्चात समिति को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। नगर निगम, पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को सड़कों से अतिक्रमण हटाने नियमित कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। यातायात प्रभारी एएसपी ऋचा शर्मा ने पावर पाइंट प्रेजेंटेंशन के माध्यम से चौक-चौराहों एवं सड़कों में आवश्यक सुधार हेतु अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया।

### अंजोरा-नेहरुनगर बाइपास पर बनेगा नया पुलिया

बैठक में चर्चा के दौरान जानकारी दी कि स्मृतिनगर मार्ग पर झरोखा के पास आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आ रही है। इसके निराकरण के लिए क्या कुछ किया जा सकता है। कलेक्टर ने नेहरू नगर अंजोरा बाईपास के झरोखा बोगदा पुलिया के पास वाहनों की जाम से मुक्ति दिलाने एनएचआई के अधिकारियों को समकक्ष अन्य पुलिया बनाने शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़कों में विचरण करने वाले पशुओं को जिले में संचालित गौ-धामों में रखकर चारे पानी की समुचित प्रबंध करने पशुचिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं सीएमएचओ को हाइवे पेट्रोलिंग में एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। तय किया गया है कि नए पुलिया का निर्माण किया जाए, ताकि समस्या का निराकरण हो सके।

### स्कूलों से 500 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक

बैठक के पूर्व नारकोटिक्स नियंत्रण अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक में सभी सार्वजनिक स्थलों एवं शासकीय कार्यालयों के समीप मादक पदार्थों की बिक्री पर कड़ी नजर रखने पर जोर दिया गया। विशेषकर स्कूलों के 500 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री निशिद्ध है। नशीले पदार्थ बेचने वाले के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। नशीले पदार्थों के परिवहन करते जब्त वाहनों पर कार्यवाही हेतु आबकारी विभाग को आवश्यक पहल करने कहा गया। बैठक में नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरौदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, महेश राजपूत एवं सोनल डेविड तथा सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य सहित अन्य मौजूद थे।

# एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर में नए कॉलेज की की स्थापना, विश्वविद्यालय की नई बिल्डिंग का विस्तार की मांग की गई। इसके अलावा कहा गया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत 158 कॉलेज तथा दुर्ग संभाग के सभी 7 जिले के अंतर्गत सभी महाविद्यालय आते हैं, विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं आर्ट विषय पर यूटीडी जल्द से जल्द सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए। एनएसयूआई के छात्र नेता युवा चंद्राकर ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि पत्र के द्वारा जनहित और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को तत्काल राज्य शासन को हमारी मांगों से अवगत कराएं। इस अवसर पर चैतन्य बंछोर, मयंक देशमुख, पीयूष सिन्हा, रोशन देवांगन, मृदुल सिंह, रिया दत्ता, अंजली साव, सृष्टि चंद्राकर, रोशन एवं अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## सेवानिवृत्त कर्मियों ने बीएसपी प्रबंधन पर जताई नाराजगी

**भिलाई।** शनिवार को सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ की साप्ताहिक बैठक गणेश पूजा पंडाल सेंट्रल एवेन्यू सेक्टर-2 में हुई। इस दौरान लोगों ने बीएसपी प्रबंधन पर नाराजगी व्यक्त की।
सेवानिवृत्त कर्मियों ने कहा कि प्रबंधन के नोटिस के कारण रिटेंशन, लाइसेंस धारी और व्यापारी सभी परेशान हो चुके हैं। इस परेशानी का कोई हल नहीं निकलने के कारण जनता के बीच में आक्रोश का माहौल है। विगत 8 महीनो से सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ लगातार जनप्रतिनिधियों के प्रबंधन के अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट के थक चुका है। किराया बढ़ाने के कारण दिन प्रतिदिन जो असंतोष है, इस समस्या का निराकरण कब तक होगा यह सवाल लगातार सदस्यों को खाया जा रहा है। आने वाले चंद हफ्तों मे सेवा निवृत कार्मिक कल्याण संघ मे 5000-6000 सदस्य पूरे होंगे और जनआक्रोश भिलाई के सड़कों पर देखने को मिलेगा। क्रमिक भूख हड़ताल से लेकिर संयंत्र घेराव तक किया जाएगा।

### एएचपी- 2 योजना में 2582 नए आवास स्वीकृत

# भिलाई निगम में डेढ़ वर्ष में 2582 परिवारों को मिला आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के विभिन्न घटकों के अंतर्गत उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए हजारों परिवारों के अपने घर के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। 14 नवंबर 2024 से 8 जुलाई 2026 की अवधि में निगम ने बीएलसी और एएचपी परियोजनाओं के माध्यम से आवास निर्माण, आवंटन और हितग्राहियों को आवास देने में में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।




### 2582 हितग्राहियों को मिला आवास

निगम ने केवल निर्माण ही नहीं, बल्कि आवासों के आवंटन और हितग्राहियों को उनका कब्जा दिलाने के मामले में भी निगम ने प्रभावी कार्य किया है। एएचपी-1 के अंतर्गत 761 अतिरिक्त हितग्राहियों को आवास आबंटित किए गए, जिससे कुल 2582 आवासों का आबंटन सुनिश्चित हुआ। इसी प्रकार 982 अतिरिक्त हितग्राहियों को उनके आवासों का भौतिक आधिपत्य प्रदान किया गया। इसके साथ ही अब तक कुल 1315 परिवार अपने नए घरों में प्रवेश कर चुके हैं।

### एएचपी -2 में 4372 नए आवास स्वीकृत

एएचपी-2 योजना के अंतर्गत 4372 नए आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह स्वीकृति भिलाई में बड़े पैमाने पर किफायती आवास निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी। इतनी बड़ी संख्या में आवासों की स्वीकृति से आने वाले वर्षों में शहर के हजारों निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध हो सकेंगे। आने वाले समय में इन आवासों के निर्माण कार्य शुरू होने के बाद भिलाई शहर में आवासीय सुविधाओं का और विस्तार होगा। इससे न केवल आवासहीन परिवारों को लाभ मिलेगा, बल्कि शहर के सुनियोजित विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। नगर निगम की यह उपलब्धि राज्य में शहरी आवास विकास के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उदाहरण के रूप में देखी जा रही है।

### विभिन्न घटकों में इस तरह उपलब्ध्धि हासिल की

#### बीएलसी -1 घटक में 5064 आवास पूरे

प्रधानमंत्री आवास योजना के बेनेफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन (बीएलसी)-1 घटक के अंतर्गत इस अवधि में 135 अतिरिक्त आवासों का निर्माण पूर्ण कराया गया। इसके साथ ही इस योजना के तहत पूर्ण आवासों की कुल संख्या बढ़कर 5064 हो गई है। यह उपलब्धि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराने की दिशा में निगम के सतत प्रयासों को दर्शाती है।

#### बीएलसी -2 घटक में 177 आवास पूर्ण

बीएलसी-2 योजना के अंतर्गत 924 नए आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें से 177 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 619 आवासों में निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। इसके अलावा 960 हितग्राहियों के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।

#### एएचपी- 1 परियोजना में 2343 आवास पूरे

निगम की अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी)-1 परियोजना भी शामिल है। इस योजना के तहत समीक्षा अवधि में 1262 अतिरिक्त आवासों का निर्माण पूरा किया गया। इसके साथ ही कुल पूर्ण आवासों की संख्या 2345 तक पहुंच गई है। यह परियोजना शहर में किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है।

### प्रदेश में बड़ी उपलब्धि

पीएम आवास योजना के विभिन्न घटकों में भिलाई निगम ने 14 नवंबर 2024 से 8 जुलाई 2026 के बीच में अच्छी उपलब्धि हासिल की है। यह प्रदेश में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटकों में तेजी से कार्य करते हुए निर्माण, स्वीकृति, आवंटन और कब्जा वितरण की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी गई है। इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में ऐसे परिवार लाभान्वित हुए हैं, जो लंबे समय से अपने स्वयं के घर की प्रतीक्षा कर रहे थे।

**राजीव कुमार पांडेय,** आयुक्त भिलाई निगम

# सेक्टर नौ अस्पताल के निजीकरण से संगठित व असंगठित क्षेत्र के कर्मियो को होगा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- निजीकरण के खिलाफ संयू का जनसंपर्क अभियान

संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल को निजी हाथों में सौंपे जाने के खिलाफ जारी जन जागरण अभियान के तहत आज टाउनशिप में यूनियन के लोगों ने कर्मचारियों को निजीकरण से होने वाले नुकसान से अवगत कराया।अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ 14 जुलाई को होने वाले प्रदर्शन का पर्चा बाँटते हुए कर्मियों से चर्चा के दौरान संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने कहा कि आज स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण को विकास और सुधार का पर्याय बताकर प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रबंधन दावा कर रहा ह कि निजीकरण से अस्पतालों की गुणवत्ता बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। कर्मचारियों को बताना चाहिए कि क्या बेहतर स्वास्थ्य सेवा पर केवल भुगतान करने वालों का अधिकार होगा, या हर नागरिक का ? यूनियन ने अस्पताल के निजीकरण पर रोक लगाने के लिए दबाव बनाने में समर्थन मांगा। यूनियन नेताओं ने लोगों को बताया कि अस्पताल के निजीकरण से उसका संचालन करने वाली निजी कंपनियों और कॉरपोरेट अस्पतालों को अपनी आय और मुनाफा बढ़ाने का अवसर मिलेगा है। अधिक आय और मुनाफे के आधार पर आधुनिक मशीनों तथा सुविधाओं में निवेश की संभावना भी रहती है। भुगतान करने में सक्षम मरीजों को शीघ्र सेवाएँ मिल सकती हैं। जिन लोगों के पास पर्याप्त आर्थिक संसाधन हैं, उन्हें यह व्यवस्था बेहतर प्रतीत हो सकती है।लेकिन अस्पतालो को निजी हाथों में सौंपने से गरीब, मध्यम वर्ग, श्रमिक, किसान, पेंशनभोगी तथा असंगठित क्षेत्र के लोगों पर इलाज का आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा।

### अस्पताल सार्वजनिक होने से सभी को लाभ

सार्वजनिक अस्पताल आर्थिक स्थिति नहीं, बल्कि आवश्यकता के आधार पर इलाज उपलब्ध कराते हैं। इनमें कम लागत पर ऑपरेशन, दवाइयाँ, आपातकालीन सेवाएँ तथा विशेष चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध रहती हैं। महामारी, दुर्घटना और आपदा जैसी परिस्थितियों में सार्वजनिक अस्पताल समाज की सबसे बड़ी सुरक्षा बनकर सामने आते हैं।सार्वजनिक संपत्ति जनता की सेवा के लिए है, किसी निजी कंपनी के मुनाफे के लिए नहीं है। इसीलिए प्रबंधन सेक्टर 9 अस्पताल को निजी हाथो में देने के इरादे के प्रयासों पर तत्काल रोक लगाया लगाए।





